# *ऑनलाइन शिक्षा एंव LMS प्रकोष्ठ*
## *सत्र 2021–22*
## *आख्या*

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महाविद्यालय में ऑनलाइन शिक्षा एंव LMS प्रकोष्ठ की स्थापना की गई। जिसके तहत सत्र 2021–22 में ऑनलाइन शिक्षा नीति के अनुरूप महाविद्यालय ने समय–समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

ऑनलाइन शिक्षा एंव LMS प्रकोष्ठ के द्वारा उत्तर प्रदेश ऑनलाइन शिक्षा नीति के अनुरूप महाविद्यालय में उपलब्ध साधनों एंव सुविधाओं के आधार पर शिक्षिकाओं को उनकी आवश्यकतानुसार पाठ्यक्रम संम्बन्धी सामग्री सम्बन्धित छात्राओं तक विभिन्न माध्यमों के द्वारा ऑनलाइन प्रेषित करने की विधि से अवगत कराया गया।

लेखन कौशल एंव उनकी प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए अनेक विभागों द्वारा ऑनलाइन कार्यक्रम कराए गए हिन्दी विभाग एंव नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वधान द्वारा एक निबन्ध प्रतियोगिता ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित किया गया जिसका विषय ' 2047 में सपनों का भारत 'है।

संस्कृत विभाग द्वारा 14 अक्टूबर 2021 से 25 अक्टूबर 2021 तक ऑनलाइन संस्कृत सप्ताह का सफल आयोजन किया गया।

संगीत विभाग द्वारा ' मतदाता जागरूकता ' ऑनलाइन के माध्यम से कराया गया।

" Skills and techiques for effective on teaching विषय पर Teachers-Re-skilling Cell द्वारा एक दिवसीय ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन दिनांक 09.02.2022 में किया गया था जिसके Convener डॉ0 फरहा तबस्सुम है।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कविता समय–समय पर मीटिंग छात्राओं को शपथ आदि कार्यक्रम ऑनलाइन के माध्यम से कराया गया।

हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी में रोजगार के बढ़ते कदम विषय पर छात्राओं का ऑनलाइन प्रजेंटेशन कराया गया तथा अन्तर्राष्ट्रीय वेबिनार जिसका विषय " बाबू गुलाब राय का रचना संसार " का आयोजन डिजिटल माध्यम से किया गया। वस्तुनिष्ठ प्रश्न आधारित

प्रतियोगिताओं का डिजिटल रूप में समय–समय पर आयोजित किया गया। जिससे डिजिटल टेक्नोलॉजी से उनका परिचय हो सके।

छात्राओं को ऑनलाइन Modes से जुडने के लिये महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं ने उन्हें प्रेरित किया। छात्राओं के ज्ञान का निरंतर विकास हो सके इसको ध्यान में रखते हुए डिजिटल लाइब्रेरी की व्यवस्था की गई।

व्हाट्सएप नम्बर का संकलन करते हुए विभिन्न विभागों को ऑनलाइन व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के लिए ऑनलाइन शिक्षा एवं LMS प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों द्वारा महाविद्यालय की शिक्षिकाओं को प्रेरित किया गया ताकि परीक्षा सम्बन्धित सभी सूचनाएँ प्रेषित की जा सके।

ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहित करने के लिए ऑनलाइन टेक्नोलॉजी जैसे कम्प्यूटर, स्मार्टफोन, गूगल मेल बनाना, गूगल मीट, जूम मीट की लिंक बनाना तथा उनका अपने पाठ्यक्रम के साथ निरंतर प्रयोग में लाया जाए इस हेतु छात्राओं को प्रेरित करते हुए डिजिटल माध्यम के महत्व को भी समझाया गया। ताकि उसका उचित उपयोग कर उनका तथा समाज का समुचित विकास हो सके।

महाविद्यालय में संपन्न होने वाले अधिक से अधिक कार्यक्रमों को डिजिटल माध्यम से कराया गया।

20/6/2022

(डॉ० निर्मला यादव)

अध्यक्ष

(डॉ० संध्या द्विवेदी)

सह–समन्वयक